आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 02.09.2026
समय1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग सचेत। सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश।
- खेल महाकुंभ के लिए चमोली जिले से 20 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया।
- बदरीनाथ – केदारनाथ धाम की यात्रा सुचारु रूप से संचालित, अब तक 31 लाख 51 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ –केदारनाथ धाम के दर्शन किये।
- ब्लाइंड फुटबॉल चैंपियनशिप में उत्तराखंड ने तमिलनाडु को हराकर कांस्य पदक जीता।

**संक्रामक बीमारियों की**

प्रदेश में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य महकमा सचेत हो गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर सुनीता टम्टा ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों व मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को अस्पतालों में मरीजों की निगरानी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

श्रीमती टम्टा ने कहा, आगामी दिनों में संभावित बीमारियों और उनके संक्रमण की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति सामने आने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी जिलों के चिकित्सालयों, स्वास्थ्य केंद्रों व संबंधित स्वास्थ्य इकाइयों में आवश्यक दवाओं, जांच सुविधाओं, चिकित्सा उपकरणों के साथ जरूरी चिकित्सा व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। वहीं देहरादून में स्वाइन फ्लू और डेंगू के 132 मामले सामने आए हैं ।

**खेल महाकुभ**

चमोली में सितंबर माह के दूसरे सप्ताह से आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। युवा कल्याण विभाग की ओर से सभी विकासखंडों में न्याय पंचायत स्तर प्रभारी और नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। चमोली जिले से इस बार खेल महाकुंभ में करीब 20 हजार खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिताएं विकासखंड, विधानसभा और सांसद क्षेत्री स्तर पर तीन चरणों में आयोजित की जाएंगी।

युवा कल्याण अधिकारी धीरेंद्र नाथ द्विवेदी ने बताया कि प्रतियोगिताएं तीन चरणों में आयोजित की जाएंगी। पहले विकासखंड स्तर पर, इसके बाद विधानसभा स्तर और फिर सांसद स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

इसके लिए सभी विकासखंडों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अंडर 14,अंडर 19 प्रतियोगिता में वालीबाल, कबडडी, खो, खो, आदि प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाएंगे। यह प्रतियोगिता दूरस्थ क्षेत्रों के खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने के लिए मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक खिलाड़ियों और खेल प्रतिभाओं को इस आयोजन से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय**

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई सत्र में ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 21 सितंबर कर दी है। इससे निर्धारित समय में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। विवि ने शिक्षार्थियों से समय सीमा के भीतर प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की है।

**उत्तराखंड लोक सेवा आयोग**

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न विभागों में प्रस्तावित परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर में सिविल सेवा, राजस्व निरीक्षक, प्रवक्ता, पशु चिकित्सा अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता और समीक्षा अधिकारी समेत विभिन्न पदों की परीक्षाओं की संभावित तिथियां घोषित की गई हैं। आयोग के सचिव अशोक कुमार पांडेय के अनुसार उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2026 की प्रारंभिक परीक्षा 29 नवंबर 2026 को प्रस्तावित है। वहीं सम्मिलित राज्य सिविल/अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2026 की प्रारंभिक परीक्षा 27 दिसंबर 2026 को होगी। शहरी विकास विभाग के कर एवं राजस्व निरीक्षक पद की परीक्षा 16 जनवरी 2027 को प्रस्तावित है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा–2025 की मुख्य परीक्षा में गृह विज्ञान विषय की परीक्षा 30 जनवरी 2027 को होगी। पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी पद की मुख्य परीक्षा 28 फरवरी 2027 को प्रस्तावित है। कनिष्ठ अभियंता पद की मुख्य परीक्षा 20 से 25 अप्रैल 2027 तक और सहायक अभियंता की मुख्य परीक्षा 8 से 14 मई 2027 तक होगी।

**बदरीनाथ – केदारनाथ धाम**

बदरीनाथ व केदारनाथ धाम की यात्रा बरसात के बावजूद सुचारु रूप से संचालित हो रही है। मंदिर समीति ने यात्रा के दूसरे चरण में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। यात्रा का दूसरा चरण 15 सितंबर से शुरू होगा। वहीं अब तक 31 लाख 51 हजार से अधिक श्रद्धालु बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि बारिश के बावजूद बदरीनाथ व केदारनाथ धाम की यात्रा सुचारु रूप से संचालित हो रही है। श्री द्विवेदी ने कहा कि यात्रा के दूसरे चरण में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूरा किया जा रहा है।

## जुर्माना लगेगा

उत्तराखंड में अब बिजली चोरी, मीटर तोड़ने, यूपीसीएल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगेगा। केंद्र सरकार के जन विश्वास अधिनियम को उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने राज्य में यह नियम लागू कर दिया है। इस अधिनियम के तहत विद्युत आपूर्ति से जुड़ी सामग्री को लापरवाही से तोड़ने या नुकसान पहुंचाने, बिजली चोरी पर अब 5,000 रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय साधन–सह–योग्यता छात्रवृत्ति योजना 2026–27 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर तक कर दी है। इससे पात्र मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा। योजना के तहत हर वर्ष कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए एक लाख नई छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर विद्यार्थियों के आवेदन की प्रक्रिया 1 जून 2026 से चल रही है। शैक्षणिक वर्ष 2026–27 में चयनित विद्यार्थियों को पहले वन–टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद संबंधित योजना के लिए आवेदन करना होगा।

## कृषि योजनाओं के लिए

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड को कृषि योजनाओं के लिए 106 करोड़ रुपय से अधिके की मंजूरी दी है। कृषि योजनाओं की समीक्षा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखंड की जरूरतों को केंद्रीय मंत्री के सामने रखा। इस दौरान जोशी ने खेत बचाओ अभियान का उल्लेख करते हुए वर्ष 2026–27 में जैविक कृषि कार्यक्रम के लिए 7 करोड़ रुपये और फसलों की सुरक्षा के लिए 25 करोड़ रुपये का पृथक बजट जारी करने की मांग की।

## ब्लाइंड फुटबॉल चैंपियनशिप

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित ब्लाइंड फुटबॉल चैंपियनशिप में उत्तराखंड ने कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान के लिए हुए रोमांचक मुकाबले में उत्तराखंड ने तमिलनाडु को 1–0 से हराकर लगातार दूसरी बार तीसरे स्थान प्राप्त किया। वहीं, फाइनल मुकाबले में केरल ने ओडिशा को 4–0 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब पर कब्जा किया। कोच नरेश नयाल ने बताया कि इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन और मध्य प्रदेश ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नौ राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया था।

**नेत्रदान पखवाड़ा**

चम्पावत जिले में 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले नेत्रदान पखवाड़े के तहत चम्पावत जिला अस्पताल चम्पावत, उप जिला अस्पताल लोहाघाट और उप जिला अस्पताल टनकपुर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को नेत्रदान को लेकर जागरूक किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नेत्रदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में रोशनी ला सकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से नेत्रदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।